17.09.2021 - Parvesh Classes

राजकीय महाविद्यालय मटौर में आज दिनाँक 17 सितंबर 2021 को रोवर रेंजर इकाई मटौर के आकांक्षी रोवर और रेंजर्स की प्रवेश *कक्षाएं * आरम्भ की गई । प्रवेश कक्षाएं राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां के सीनियर रोवर्स साहिल मित्तल एवं आर्यन द्वारा ली गई ।प्रवेश कक्षाओं का शुभारंभ इकाई ग्रुप लीडर प्राचार्या शुभ्रा गुप्ता को स्कार्फ़ पहना कर किया गया । ग्रुप लीडर शुभ्रा गुप्ता ने आकांक्षी रोवर और रेंजर्स का स्वागत किया और भविष्य में समाजसेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने के लिए जागरूक किया और रेंजर लीडर आशा शर्मा एवं रोवर लीडर मोहिंद्र कुमार को नई इकाई के गठन लिए बधाई दी। रेंजर लीडर आशा शर्मा ने आकांक्षी रोवर्स एंव रेंजर्स को स्काउट्स नियम एंव प्रतिज्ञा के विषय में जानकारी दी इस अवसर पर रोवर लीडर मोहिंद्र कुमार मौजूद रहे ।